an>

Title : Need to set up divisional office of Food Corporation of India in Jhunjhunu district of Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): अध्यक्ष महोदय, भारत कृषि प्रधान देश है । वर्तमान सरकार किसानों और मजदूरों की हितैषी है । राजस्थान का झुन्झुनू जिला कृषि जिन्स जैसे गेहूं, तिलहन और दलहन इत्यादि के उत्पादन में अग्रणी है ।

अत: मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से निवेदन करता हूं कि किसानों के हित में सुचारू वितरण प्रणाली को ध्यान में रखते हुए झुन्झुनू में भारतीय खाद्य निगम का मंडल कार्यालय खोला जाए, जिससे किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य मिल सके और फसलों का रखरखाव ठीक ढंग से हो सके ।